BIJENDRA PUBLIC SCHOOL

Class - 8

Subject : HINDI GRAMMAR

पाठ – 14 क्रिया

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर याद कर लिखें :–

क. क्रिया किसे कहते हैं?

उत्तर जिस शब्द से किसी काम के करने या होने का पता चलता है, उसे क्रिया कहते हैं।

जैसे – पढ़ना, लिखना, आना आदि।

ख. सकर्मक क्रिया किसे कहते हैं?

उत्तर ऐसी क्रियाएँ जिनमें कर्म होता है, उन्हें सकर्मक क्रियाएँ कहते हैं;

जैसे – बच्चे क्रिकेट खेल रहे हैं।

राम रोटी खाता है।

ग. पूर्वकालिक क्रिया किसे कहते हैं?

उत्तर जिस मुख्य क्रिया से पहले यदि कोई अन्य क्रिया हो चुकी हो, तो उसे पूर्वकालिक क्रिया कहते हैं;

जैसे – हाथी नदी में नहाकर आ गया।

बच्चा सोकर जाग गया।

घ. धातु किसे कहते हैं?

उत्तर क्रिया के मूल रूप को धातु कहा जाता है।

जैसे – पढ़, चल, लिख आदि